बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांकः– 15 / नि0–1081 / 2026– 1010

प्रेषक,

रामचन्द्र पाण्डेय,
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)।

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,
मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांकः– 16.10.26

विषयः–लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर के NIT-01/O&M-PHED/SHEOHAR/2026-27 के ग्रुप सं0–01 के क्षितीय बीड के निष्पादन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–1181, दिनांक–03.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक–09.10.2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर अन्तर्गत प्राप्त निविदा के क्षितीय बीड के निष्पादन हेतु गठित ''विभागीय निविदा समिति'' की बैठक सम्पन्न हुई। विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि उक्त बैठक की कार्यवाही में लिये गये निर्णय के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(रामचन्द्र पाण्डेय)
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)

ज्ञापांकः–15 / नि0–1081 / 2026– 1010

पटना, दिनांकः– 16.10.26

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुजफ्फरपुर / कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर / आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(रामचन्द्र पाण्डेय)
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)

दिनांकः–.....9...../10/2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर अन्तर्गत प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड् के मूल्यांकन हेतु गठित "निविदा समिति" की संपन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति–

श्री बी. कार्तिकेय धनजी – सचिव
श्री नित्यानन्द प्रसाद – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)
श्री अभय कुमार सिंह – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)
श्री दया शंकर प्रसाद – मुख्य अभियंता(दक्षिण बिहार)–सह–मुख्य अभियंता (रूपांकण)
श्री प्रद्युम्न शर्मा – मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर
श्री राम प्रवेश यादव – आंतरिक वित्तीय सलाहकार

विषयः**Comprehensive operation and maintenance, routine repairs and Special repairs of i.) Rural Piped Water Supply Scheme (5 PWS with 3 additional wls),ii.)And Ward level P iped Water Supply Schemes in non quality affected wards (42 WLS_Non Quality)base d on item rates; constructed by the Public Health Engineering Department including p ayment to the pump operators, electricity bills for five years Tender ID–129427 NIT-01 /O&M- PHED/SHEOHAR/2026-27 Gr No-01** के निष्पादन के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित कराई गई। प्राप्त **NIT-01/O&M-PHED/SHEOHAR/2026-27 Gr No-01** का प्रिंट मिडिया एवं वेब मिडिया में व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया गया है। जिसमें निविदा प्राप्ति की तिथि–11.05.2026 अंकित थी। कार्यपालक अभियंता द्वारा इसे विस्तारित करते हुए दिनांक 20.05.2026 किया गया एवं पुनः इसे विस्तारित करते हुए दिनांक 01.06.2026 को निविदा प्राप्त किया गया।

उक्त कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि–**658.635 लाख रूपये** है, के लिए आमंत्रित निविदा में पाँच निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है, जो निम्नवत हैं:–

क्र0 सं0	फर्म/कम्पनी का नाम
1	**Kiran Devi**
2	**Avednex Private Limited**
3	**M/S Balaji Enterprises**
4	**Manoj Kumar Singh Construction Private Limited**
5	**Sanjeev Kumar Shahi**

उपरोक्त निविदाकार के तकनीकी बीड का मूल्यांकण विभागीय पत्रांक–6ए/वि01–1028/21–1145 पटना, दिनांक–03.07.2025 के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में गठित तकनीकी मूल्यांकण समिति द्वारा किया गया। समिति की अनुशंसा के आलोक में उक्त आमंत्रित निविदा की उपरोक्त तालिका के क्रम सं0–04 एवं 05 पर अंकित सफल निविदाकारों **को तकनीकी रूप से सफल मानते हुए इनका दर बीड् खोले जाने का निर्णय लिया गया है।**

9/10/26

विभागीय पत्रांक–636, दिनांक–24.07.2026 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर से तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक कर निम्न बिन्दुओं को समाहित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया:–

1. निविदाकार (BIDDER) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग/बोर्ड /निगम/उपक्रम से Blacklisted अथवा डिबार नहीं है। साथ ही निविदा के शर्त्तों के अनुरूप किसी प्रकार से अयोग्य घोषित नहीं है।
2. E-Proc-2 निविदाकार (BIDDER) द्वारा Uploaded सभी कागजातों एवं प्रमाण–पत्रों की समुचित जाँच कर ली गयी है तथा तद्नुसार तुलनात्मक विवरणी तैयार कर कार्यवाही में अंकित किया गया है।
3. निविदाकार के विरूद्ध किसी भी न्यायालय के द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश नहीं है तथा निविदाकार (BIDDER) के विरूद्ध किसी भी सरकारी जाँच/अन्वेषण ऐजेन्सी द्वारा कोई जाँच प्रक्रियाधीन नहीं है अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

तदोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं को समाहित करते हुए दिनांक–19.09.2026 को तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति की बैठक की गयी। बैठक की कार्यवाही (प्रथम श्रेणी कार्यपालक दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत शपथ पत्र के साथ) ज्ञापांक–1127/मुजफ्फरपुर, दिनांक–19.09.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध करायी गयी है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, का पत्रांकः 1181/मुजफ्फरपुर, दिनांक–03.10.2026 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के दर बीड् की तुलनात्मक विवरणी पर संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता द्वारा अपना मंतव्य अंकित करते हुए निविदा निष्पादन हेतु सक्षमस्तर/विभागीय निविदा समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु अनुशंसा सहित भेजा गया है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये सफल निविदाकारों का दर बीड् (अनुशंसा सहित) की विवरणी निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	फर्म/कम्पनी का नाम	प्राक्कलित राशि	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा उद्धृत राशि (लाख में)	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा प्राक्कलित राशि के सापेक्ष में उद्धृत राशि (प्रतिशत में) **कम/अधिक**
1	**Manoj Kumar Singh Constructon Private Limited**	**658.635 लाख**	**581.245**	**(-) 11.75 प्रतिशत**
2	**Sanjeev Kumar Shahi**		**579.598**	**(-) 12.00 प्रतिशत**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि **क्रमांक–2** पर वर्णित सफल निविदाकार **Sanjeev Kumar Shahi** द्वारा उद्धृत दर **5,79,59,880.00 रुपये (पाँच करोड़ उनासी लाख उनसठ हज़ार आठ सौ अस्सी रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **658.635 लाख रूपये से 12.00 प्रतिशत कम** है।

निविदा समिति का निर्णय

1. क्षेत्रीय स्तर पर गठित समिति द्वारा तकनीकी बीड् के मूल्यांकन के क्रम में निविदा से संबंधित निविदाकार द्वारा Uploaded Documents एवं संलग्न कागजातों/दस्तावेजों की सम्यक् जाँच के पश्चात् ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा एकल सफल निविदाकार का दर बीड् अनुशंसा सहित विभागीय निविदा समिति को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है।

2. तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर विभागीय निविदा समिति द्वारा दर बीड् का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया जाता है कि संबंधित कार्यपालक अभियंता दर बीड् में एकल सफल निविदाकार से संबंधित सभी अर्हता एवं कागजातों का समुचित सत्यापनोपरांत व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही LOA निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। यह कार्यपालक अभियंता की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

उपरोक्त के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा पूर्ण विचारोपरांत उक्त आमंत्रित निविदा पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता की कृत अनुशंसा के आलोक में न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले सफल निविदाकार **Sanjeev Kumar Shahi** द्वारा उद्धृत दर **5,79,59,880.00 रुपये (पाँच करोड़ उनासी लाख उनसठ हज़ार आठ सौ अस्सी रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **658.635 लाख रूपये से 12.00 प्रतिशत कम है** को अनुमोदित करते हुए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

09/10/26

(राम प्रवेश यादव)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार

09/10/26.

(प्रद्युम्न शर्मा)
मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र,
मुजफ्फरपुर

09/10/26.

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता,
(दक्षिण बिहार)–सह–
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

09/10/2026

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)

9/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

09/10

(बी. कार्तिकेय धनजी)
सचिव